MATTERS RAISED WITH PERMISSION — *Contd.*

Demand for Inclusion of 22 Illustrations from First Illustrated Manuscript of India's Constitution in Re-printed Constitution — *Contd.*

MR. CHAIRMAN: Yes, please continue; Leader of the House.

सभा के नेता (श्री जगत प्रकाश नड्डा): सभापति जी, मैंने यह मूल प्रति आपको दिखाई है। इसमें हमें हर जगह दिख रहा है और अभी जो संविधान पब्लिश हो रहा है, चाहे जो भी पब्लिशर्स इसे पब्लिश कर रहे होंगे, उसमें ये कृतियां नहीं हैं। राधा मोहन जी ने जो प्रश्न उठाया है, वह बहुत महत्वपूर्ण है और आपने बहुत सही डायरेक्शन दिया है। सरकार इस बात को एनश्योर करेगी कि निश्चित रूप से कांस्टीट्यूशन की भावनाओं के साथ वे पब्लिशर्स इसे पब्लिश करें और वही कांस्टीट्यूशन की कॉपी मार्किट में उपलब्ध हो। यह एक बात है। दूसरी बात, मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि विषय कुछ और था और हमारे लीडर ऑफ दि अपोजिशन ने राजनीति को ध्यान में रखते हुए ...**(व्यवधान)**... राजनीतिक इश्यू, political issue को उठा कर ...**(व्यवधान)**... इन्होंने उसका advantage लेने का प्रयास किया, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। राधा मोहन जी ने भीमराव अम्बेडकर जी के बारे में एक शब्द नहीं बोला है और इन्होंने कहा कि भीमराव अम्बेडकर जी को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। इसको expunge किया जाए।

MR. CHAIRMAN: I will look into it. ...*(Interruptions)*...

श्री जगत प्रकाश नड्डा: हमारे भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर जी हम सबके लिए आदरणीय हैं। जिस तरीके से उन्होंने भारत के संविधान को रचने में जो चेयरमैन की भूमिका अदा की है, उसको देश कभी भूल नहीं सकता। सभापति जी, वे भी चाहते थे कि ये कृतियाँ भारत की मूल भावना को बताने वाली हैं, इसलिए ये संविधान में समाहित थीं।

MR. CHAIRMAN: One minute. Shri Derek O'Brien. ...*(Interruptions)*...

SHRI DEREK O' BRIEN (West Bengal): Sir, I just have one point...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please listen to him. I will appreciate; everyone must listen to the person whom the Chair has given opportunity. Shri Derek O'Brien.

SHRI DEREK O' BRIEN: Sir, there is this one point, just one point. On my computer here, I have 404 pages of the Constitution of India. Then, this also must be the wrong, illegal one because there are no illustrations in this one in Parliament. ...*(Interruptions)*...